<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

<u>प्रेस–नोट</u>

क्रमांक : एफ.6–ए(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक(स्कूल शिक्षा)/RPSC/2022–23/ 141 दिनांक : 26.05.2023

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2022 विषय–**<u>चित्रकला, संगीत व पंजाबी</u>** विषयों हेतु दिनांक 18.04.2023 से 28.04.2023 (कुल 03 विषय) तक जारी की गई विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जाँच का कार्य ऑनलाईन करवाया जाना है। अतः उक्त तीनों विषयों हेतु जारी विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों के विस्तृत आवेदन पत्र मय शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पात्रता जांच/दस्तावेज सत्यापन का कार्य उक्त पदों हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार ऑनलाईन किया जायेगा। आनलाईन दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच उपरान्त पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का अन्तिम परिणाम जारी किया जावेगा।

इस संबंध में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि प्राध्यापक–चित्रकला, संगीत व पंजाबी विषयों हेतु जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी दिनांक 29.05.2023 से 05.06.2023 तक आवश्यक रूप से आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध अभ्यर्थियों के लिए जारी किये दिशा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए **<u>अपना विस्तृत आवेदन पत्र मय शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक दस्तावेजों के आवश्यक रूप से ऑनलाईन भरकर अपलोड कर देवें।</u>**

इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जायेगा। उक्त ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन/पात्रता जांच हेतु निर्धारित तिथि तक अपने विस्तृत आवेदन पत्र मय शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक दस्तावेजों के आयोग की वेबसाईट पर अपलोड नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को अन्तिम परिणाम हेतु विचारित नहीं किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(एस. एन. शर्मा)
वरिष्ठ उप सचिव